तुरंत प्रसार के लिए

**कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड**

**समेकित परिणाम**

**कोस्मो फर्स्ट ने वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही के परिणाम जारी किए**

| In Rs. Crores | Q1, FY27 | Q1, FY26 | FY25-26 |
|---|---|---|---|
| Net Revenue | **1,166** | **800** | **3,639** |
| EBITDA | **147** | **116** | **479** |
| PBT | **71** | **54** | **201** |
| PAT | **54** | **43** | **156** |
| EPS (In Rs.) (Not Annualized) | **20.7** | **16.6** | **60.3** |

**नई दिल्ली, 6 अगस्त 2026:** कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड ने आज जून 2026 में समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए।

वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में EBIDTA पिछले साल के मुकाबले बेहतर रहा। इसकी कई कारण थे जैस - बिक्री की मात्रा में बढ़ोतरी (9 फीसदी), बेस बीओपीपी और बीओपीईटी फिल्मों के मार्जिन में सुधार, यूएसए फिल्म बिजनेस का बेहतर प्रदर्शन (यूएसए टैरिफ में कटौती के बाद) और अन्य बी2बी बिजनेस जैसे स्पेशलिटी केमिकल और रिजिड पैकेजिंग) का शानदार प्रदर्शन।

स्पेशलिटी केमिकल सब्सिडरी का प्रदर्शन लगातार अच्छा बना हुआ है; वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान इसमें साल-दर-साल आधार पर 34 फीसदी टॉपलाइन बढ़ोतरी और 25 फीसदी EBIDTA दर्ज किया गया।

कॉस्मो प्लास्टेक (रिजिड पैकेजिंग वर्टिकल) ने वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में साल-दर-साल आधार पर 58 फीसदी से अधिक टॉपलाइन ग्रोथ दर्ज की है और EBIT पॉजिटिव हो गई है। वित्त वर्ष 27 में क्षमता के बेहतर उपयोग, सेल्स मिक्स में सुधार और बेहतर दक्षता के ज़रिए ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने पर ध्यान दिया जाएगा। यह बिजनेस अगली 2 तिमाहियों कम से कम कैपेक्स के साथ अपनी क्षमता में 50 फीसदी की बढ़ोतरी भी कर रहा है, जिससे अगले वित्तीय वर्ष में विकास का रास्ता खुलेगा और बड़े पैमाने पर दक्षता भी बढ़ेगी।

ज़िगली (पैटकेयर) में साल-दर-साल 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि कोस्मो कन्ज़्यूमर (विंडो फिल्म्स, पेंट प्रोटेक्शन फिल्म्स और सिरेमिक कोटिंग्स) में कई गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है (25-26 इसके संचालन का पहला साल है)।

पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से नेट वर्किंग कैपिटल में रु 85 करोड़ की बढ़ोतरी के बावजूद, जून 2026 के अंत में शुद्ध ऋण वित्तीय वर्ष 26 की चौथी तिमाही के स्तर पर ही रहा (रु1,166 करोड़, जो म्ठप्ज्क्। का 2.3 गुना है)। अगले 2 सालों में शुद्ध ऋण काफी कम हो जाएगा।

कंपनी के परफॉर्मेंस पर बात करते हुए **कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड के ग्रुप सीईओ श्री पंकज पोद्दार** ने कहा, "अब हमारे सभी बी2बी बिज़नेस मुनाफ़े में हैं। वित्तीय वर्ष 27 में हमारा फोकस स्पेशलिटी फिल्म्स की बिक्री, एसेट्स के बेहतर इस्तेमाल और नए बी2बी और बी2सी बिज़नेस को बढ़ाने के साथ-साथ बेहतर आरओसीई (लगाई गई पूंजी पर रिटर्न) हासिल करने पर होगा।"

**इस तिमाही में मुख्य विकास**

**1. फिल्म्स बिज़नेस (कोस्मो फिल्म्स)**

- इनोवेटिव पैकेजिंग समाधानों के लिए तीन प्रतिष्ठित एसआईईएस एसओपी स्टार अवार्ड्स 2026 जीते
- मेक्सिको में "मल्टीलेयर मेटलाइज़्ड कास्ट पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म (सीपीपी)" नामक हमारे आविष्कार के लिए पेटेंट मिला
- यूवी एडिटिव-एम्बेडेड ग्रीन ग्राफिक फिल्में विकसित कीं, जिनका यूवी-एजिंग परफॉर्मेंस उत्साहजनक रहा

**2. कोस्मो कंज्यूमर बिज़नेस (कोस्मो सनशील्ड और पेंट प्रोटेक्शन फिल्म्स)**

- पुणे में पहला 4सी कोस्मो कार केयर सेंटर शुरू करके ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट सेक्टर में अपनी सेवाओं का विस्तार किया

**3. पैटकेयर बिज़नेस (ज़िगली पैटकेयर)**

- द्वारका (दिल्ली), कल्याणी नगर (पुणे), ज़िरकपुर, बीटीए लेआउट (बैंगलोर) में 4 नए सेंटरों के साथ रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया
- ज़िगली केयर्स - सामुदायिक कुत्तों के लिए ड्राई फूड और ज़िगली लाइफस्टाइल प्राइवेट लेबल के तहत नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए

**4. कॉस्मो प्लास्टेक**

- उत्तरी भारत के डेयरी मार्केट में कई नामी ब्रांड्स को अपने साथ जोड़ा
- एडवांस्ड कोल्ड चेन और फ्रोज़न फूड पैकेजिंग के लिए फ्रीज़र ग्रेड पीपी शीट्स लॉन्च कीं
- फार्मास्युटिकल इस्तेमाल के लिए बैरियर ट्रे और एपीईटी पेश किए

**5. कॉस्मो स्पेशलिटी केमिकल्स**

- श्री पीयूष गुप्ता को कॉस्मो स्पेशलिटी केमिकल्स का बिज़नेस हेड नियुक्त किया।

**6. सीएसआर और फाउंडेशन**

- सक्षमथड फाउंडेशन के तीसरे सीएसआर कन्वेंशन में शिक्षा और डिजिटल लर्निंग पहलों के लिए बेस्ट प्रैक्टिसेज इन सीएसआर अवार्ड 2026 जीता
- खेलों में ईमानदारी, सम्मान और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारत में ग्लोबल फेयर प्ले मूवमेंट का समर्थन किया

**7. कॉर्पोरेट / समूह-स्तर का कम्युनिकेशन**

- वालुज, शेंद्रा और करजन यूनिट्स के लिए आईएसओ 45001:2018 सर्टिफिकेशन हासिल किया
- ज़िम्मेदार पैकेजिंग समाधानों के लिए तीन प्रतिष्ठित एफआईपीएसए 2026 अवार्ड्स जीते - ये पुरस्कार ईज़ी सील पील सीपीपी फिल्म, हाई श्रिंक पीईटी फिल्म और 30 फीसदी पीसीआर कंटेंट वाली हाई श्रिंक पीईटीजी फिल्म के लिए मिले।

**About Cosmo First Limited**

Founded in 1981 by Mr. Ashok Jaipuria, Cosmo First today has 5 businesses including 2 in consumer (Zigly Petcare and Cosmo Consumer into Window Films, Paint Protection Films & Ceramic Coatings for automobiles) and 3 in industrial including Cosmo Films (into specialty BOPP, CPP and Polyester films), Cosmo Plastech (thin wall containers & sheets) and Cosmo Specialty Chemicals (Coatings, Adhesives and Masterbatches). Cosmo Films has been the pioneer of specialty BOPP films in India and is currently the largest business for Cosmo First. The other four businesses are relatively newer businesses (all started post Covid) and in the process of being scaled up.